**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या. 202***

**(सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)**

**प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना**

***202. श्री अभिमन्यु सेठीः**

**श्री अनिल फिरोजियाः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के शुरू होने से लेकर अब तक इसके अंतर्गत राज्य-वार कुल कितनी इंटर्नशिप की पेशकश की गई, अनुमोदित और स्वीकृत की गई तथा कितनी इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरी की गई हैं;

(ख) उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से प्राप्त आवेदनों और चयन किए गए प्रशिक्षुओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विशेष रूप से विहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश में विशेष रूप से टियर-II और टियर-III शहरों के युवा उम्मीदवारों की रोजगार क्षमता में सुधार लाने में इस योजना के प्रभाव का राज्य-वार आकलन किया है;

(घ) इस योजना में भाग लेने वाली अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं और युवाओं का राज्य-वार और विशेषकर राजस्थान और कर्नाटक में व्यौरा क्या है;

(ङ) कौशल उन्नयन, रोजगारपरकता में वृद्धि और क्षेत्र-वार नियुक्तियों के आकलन के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं:

(च) देश में विशेषकर हरियाणा के भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं की अधिक भागीदारी, इंटर्नशिप आबंटन और नियोजन सहायता सुनिश्चित करने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(छ) क्या इस योजना के माध्यम से कौशल वृद्धि, रोजगारपरक लाभ और क्षेत्र-वार नियोजन का आकलन करने के लिए किन्हीं मापनीय परिणामों या निष्पादन संकेतकों की पहचान की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वित्त और कारपोरेट कार्य मंत्री** **(श्रीमती निर्मला सीतारमण)**

(क) से (छ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**15 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा के तारांकित प्रश्न संख्या 202* के भाग (क), (ख), (ग), (घ), (ङ), (च) और (छ) में 'पीएम इंटर्नशिप' के संबंध में संदर्भित विवरण**

(क) और (ख): प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले राउंड़ में, भागीदार कंपनियों ने देश भर में पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से अधिक इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए। इसकी तुलना में करीब 1.81 लाख अभ्यर्थियों से 6.21 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। साझेदार कंपनियों ने 60,000 से अधिक अभ्यार्थियों को 82,000 से अधिक इंटर्नशिप पेशकश किए और 28000 से अधिक प्रस्ताव स्वीकार किए गए।

प्रधान मंत्री इंटर्नशिप स्कीम पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे राउंड़ में, साझेदार कंपनियों ने देश भर में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर (पिछले राउंड़ के नए और संपादित अपूरित अवसर) पोस्ट किए। इस राउंड़ में 2.14 लाख से अधिक आवेदकों से 4.55 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। साझेदार कंपनियों ने युवाओं को 83000 से अधिक पेशकश किए और 24600 से अधिक पेशकश स्वीकार किए गए।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने की है, राउंड 1 के तहत इंटर्नशिप के पूरा होने की तारीख नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक है, और राउंड 2 के तहत अप्रैल 2026 से इंटर्न के शामिल होने की तारीख पर निर्भर करता है। 30 नवंबर 2025 तक, राउंड I के 2066 इंटर्न ने अपनी इंटर्नशिप पूरी कर ली है।

कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए इंटर्नशिप अवसरों की राज्य-वार संख्या, कंपनियों द्वारा किए गए प्रस्ताव, अभ्यार्थियों द्वारा स्वीकार किए गए पेशकश और योजना के तहत इंटर्नशिप पूरी करने वाले इंटर्न को अनुलग्नक-I में दिया गया है।उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से पहले राउंड में 403 आवेदकों से कुल 1422 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसके लिए 119 अभ्यार्थियों को कुल 161 पेशकश किए गए थे। दूसरे राउंड में बुलंदशहर से 210 आवेदकों से कुल 458 आवेदन प्राप्त हुए थे और 90 अभ्यार्थियों को 110 पेशकश किए गए थे।

(ग): पायलट परियोजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पायलट परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान परिणामों का पता लगाने के साथ-साथ सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक समवर्ती निगरानी, मूल्यांकन और अधिगम (एमईएल) ढांचा उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) नियमित रूप से योजना के निरंतर कार्यान्वयन के दौरान इसके प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए विभिन्न हितधारकों से प्रतिक्रिया ले रहा है।

किसी विशेष राज्य या शहर की परवाह किए बिना सभी अभ्यार्थियों के संबंध में योजना के प्रभाव का आकलन किया गया है।

(घ): राजस्थान और कर्णाटक सहित पायलट परियोजना के दोनों दौरों के अंतर्गत इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने वाली अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं और युवाओं का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ङ): प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना को उद्योग-प्रासंगिक कौशल को बढ़ाने, नौकरी की तैयारी में सुधार करने और नौकरी के लिए तैयार, कुशल कार्यबल बनाने के लिए भारत की शीर्ष प्रदर्शन करने वाली कंपनियों और संस्थानों में संरचित इंटर्नशिप के माध्यम से पेशेवर प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

(च): कारपोरेट कार्य मंत्रालय इस योजना के प्रचार और कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों और उद्योग संघों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने कार्यक्रम की दृश्यता बढ़ाने और राज्य के विभिन्न जिलों में लक्षित समूहों तक पहुंचने के लिए ऑनलाइन और ऑन-ग्राउंड दोनों माध्यमों से कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रचार अभियानों सहित व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया है। नोडल विभाग के सक्रिय सहयोग से देश के विभिन्न जिलों में आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री और स्नातक कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। इसके अलावा, पीएमआईएस पोर्टल देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से समावेशिता बढ़ाने के लिए 12 विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है। ये अभियान हरियाणा सहित पूरे देश के लिए चलाया जा रहा है।

प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना को राष्ट्रीय स्तर की योजना के रूप में लागू किया जा रहा है और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए गए थे। पायलट परियोजना में, हरियाणा राज्य से 5910 अभ्यार्थियों को इंटर्नशिप पेशकश किए गए, 1894 अभ्यार्थियों ने पेशकश स्वीकार किए, और 428 इंटर्न इंटर्नशिप में शामिल हुए।

(छ): विभिन्न प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) की निगरानी के लिए एक समर्पित डैशबोर्ड विकसित किया गया है जैसे कि पेशकश की गई इंटर्नशिप की संख्या, प्राप्त आवेदन, कंपनियों द्वारा चयन, सृजित की गई शिकायतें आदि।

प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना प्लेसमेंट प्रदान करने के लिए डिज़ाइन नहीं की गई है। तथापि, कंपनियों द्वारा उनकी कार्यबल आवश्यकता और कंपनी नीति के अनुसार अभ्यार्थियों की उपयुक्तता का आकलन करने के बाद नियुक्ति/नियोजन प्रस्ताव जारी किए जा रहे हैं।

*****

**अनुलग्नक I**

**15 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा के तारांकित प्रश्न संख्या 202 भाग (क) का अनुलग्नक I**

पहले राउंड़ में कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए इंटर्नशिप अवसरों की राज्य-वार संख्या, कंपनियों द्वारा किए गए पेशकश प्रस्तावों और अभ्यार्थियों द्वारा स्वीकार किए गए पेशकश की राज्य-वार संख्या

| क्र.सं. | राज्य | कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए कुल इंटर्नशिप अवसर | कंपनियों द्वारा किए गए कुल पेशकश | अभ्यार्थियों द्वारा स्वीकार किए गए कुल पेशकश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 12 | 20 | 7 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4973 | 6164 | 1970 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 156 | 29 | 14 |
| 4 | असम | 3457 | 3843 | 1780 |
| 5 | बिहार | 2802 | 5668 | 2418 |
| 6 | चंडीगढ़ | 523 | 117 | 35 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 3334 | 2284 | 806 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 232 | 40 | 12 |
| 9 | दिल्ली | 2470 | 2698 | 1000 |
| 10 | गोवा | 1017 | 28 | 7 |
| 11 | गुजरात | 11690 | 4541 | 1019 |
| 12 | हरियाणा | 7764 | 5990 | 1293 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1254 | 929 | 177 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 761 | 769 | 296 |
| 15 | झारखंड | 3535 | 2699 | 1075 |
| 16 | कर्नाटक | 10022 | 3098 | 980 |
| 17 | केरल | 2807 | 1938 | 524 |
| 19 | लद्दाख | 72 | 34 | 17 |
| 19 | लक्षद्वीप | 2 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 5627 | 6244 | 2058 |
| 21 | महाराष्ट्र | 13664 | 3718 | 1188 |
| 22 | मणिपुर | 73 | 71 | 37 |
| 23 | मेघालय | 55 | 45 | 27 |
| 24 | मिजोरम | 25 | 5 | 2 |
| 25 | नागालैंड | 45 | 58 | 28 |
| 26 | ओडिशा | 5142 | 3267 | 1328 |
| 27 | पुडुचेरी | 310 | 105 | 33 |

| क्र.सं. | राज्य | कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए कुल इंटर्नशिप अवसर | कंपनियों द्वारा किए गए कुल पेशकश | अभ्यार्थियों द्वारा स्वीकार किए गए कुल पेशकश |
|---|---|---|---|---|
| 28 | पंजाब | 2314 | 742 | 223 |
| 29 | राजस्थान | 4653 | 4314 | 1410 |
| 30 | सिक्किम | 254 | 15 | 8 |
| 31 | तमिलनाडु | 14585 | 2347 | 672 |
| 32 | तेलंगाना | 7913 | 4439 | 1380 |
| 33 | त्रिपुरा | 395 | 200 | 110 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 9027 | 11563 | 4656 |
| 35 | उत्तराखंड | 1966 | 622 | 230 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 4577 | 3433 | 1321 |
| **37** | **कुल** | **127508** | **82,077** | **28,141** |

दूसरे राउंड़ में कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए इंटर्नशिप अवसरों, कंपनियों द्वारा किए गए पेशकश और अभ्यार्थियों द्वारा स्वीकार किए गए पेशकश की राज्य-वार संख्या

| क्र.सं. | राज्य | कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए कुल इंटर्नशिप अवसर | कंपनियों द्वारा किए गए कुल पेशकश | अभ्यार्थियों द्वारा स्वीकार किए गए पेशकश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 9 | 8 | 4 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4715 | 11095 | 2868 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 227 | 19 | 8 |
| 4 | असम | 2516 | 2349 | 1255 |
| 5 | बिहार | 2316 | 5698 | 1607 |
| 6 | चंडीगढ़ | 406 | 65 | 13 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 3399 | 3820 | 894 |
| 8 | दिल्ली | 2048 | 1302 | 451 |
| 9 | गोवा | 848 | 54 | 14 |
| 10 | गुजरात | 11672 | 3005 | 629 |
| 11 | हरियाणा | 5646 | 1780 | 601 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 1414 | 410 | 106 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 533 | 939 | 329 |
| 14 | झारखंड | 2586 | 1454 | 624 |
| 15 | कर्नाटक | 9928 | 2409 | 751 |

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए कुल इंटर्नशिप अवसर** | **कंपनियों द्वारा किए गए कुल पेशकश** | **अभ्यार्थियों द्वारा स्वीकार किए गए पेशकश** |
|---|---|---|---|---|
| 16 | केरल | 3251 | 1653 | 660 |
| 17 | लद्दाख | 60 | 9 | 3 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2 | 1 | 1 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 5220 | 9330 | 2353 |
| 20 | महाराष्ट्र | 15187 | 5427 | 1616 |
| 21 | मणिपुर | 67 | 32 | 18 |
| 22 | मेघालय | 114 | 53 | 15 |
| 23 | मिजोरम | 49 | 3 | 2 |
| 24 | नागालैंड | 86 | 44 | 12 |
| 25 | ओडिशा | 3449 | 7242 | 1848 |
| 26 | पुडुचेरी | 409 | 58 | 11 |
| 27 | पंजाब | 2297 | 2255 | 472 |
| 28 | राजस्थान | 4839 | 6213 | 1342 |
| 29 | सिक्किम | 223 | 25 | 4 |
| 30 | तमिलनाडु | 15785 | 1942 | 656 |
| 31 | तेलंगाना | 5357 | 4071 | 1314 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 204 | 20 | 7 |
| 33 | त्रिपुरा | 383 | 1091 | 339 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 7714 | 7085 | 2761 |
| 35 | उत्तराखंड | 1561 | 388 | 137 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 4428 | 2347 | 913 |
| | **कुल योग** | **118948** | 83696 | 24638 |

30.11.2025 तक इंटर्नशिप पूरी करने वाले पहले राउंड इंटर्न की राज्यवार संख्या

| **क्र.सं.** | **इंटर्न राज्य** | **इंटर्नशिप पूरी करने वाले राउंड 1 इंटर्न की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 76 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3 |
| 4 | असम | 544 |
| 5 | बिहार | 156 |
| 6 | चंडीगढ़ | 4 |

| क्र.सं. | इंटर्न राज्य | इंटर्नशिप पूरी करने वाले राउंड 1 इंटर्न की संख्या |
|---|---|---|
| 7 | छत्तीसगढ़ | 59 |
| 8 | दिल्ली | 68 |
| 9 | गोवा | 1 |
| 10 | गुजरात | 49 |
| 11 | हरियाणा | 27 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 26 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 34 |
| 14 | झारखंड | 77 |
| 15 | कर्नाटक | 37 |
| 16 | केरल | 72 |
| 17 | लद्दाख | 1 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 138 |
| 19 | महाराष्ट्र | 66 |
| 20 | नागालैंड | 1 |
| 21 | ओडिशा | 103 |
| 22 | पुडुचेरी | 1 |
| 23 | पंजाब | 3 |
| 24 | राजस्थान | 42 |
| 25 | तमिलनाडु | 31 |
| 26 | तेलंगाना | 62 |
| 27 | त्रिपुरा | 11 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 257 |
| 29 | उत्तराखंड | 22 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 93 |
| | **कुल योग** | **2066** |

**अनुलग्नक II**

**<u>15 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा के तारांकित प्रश्न संख्या 202 भाग (क) का अनुलग्नक II</u>**

पहले और दूसरे राउंड़ में इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने वाली महिला अभ्यार्थियों की राज्यवार संख्या

| क्र.सं. | आवेदक राज्य | राउंड I महिला अभ्यार्थी जिन्होंने इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया है | दूसरे राउंड़ की महिला अभ्यार्थी जिन्होंने इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया है |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 4 | 9 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 6500 | 15869 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 15 | 12 |
| 4 | असम | 2949 | 1118 |
| 5 | बिहार | 2487 | 7360 |
| 6 | चंडीगढ़ | 103 | 60 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1383 | 2575 |
| 8 | दिल्ली | 1904 | 1171 |
| 9 | गोवा | 16 | 70 |
| 10 | गुजरात | 1607 | 1775 |
| 11 | हरियाणा | 3386 | 1075 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 426 | 252 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 497 | 1175 |
| 14 | झारखंड | 990 | 767 |
| 15 | कर्नाटक | 2420 | 2402 |
| 16 | केरल | 1604 | 1106 |
| 17 | लद्दाख | 5 | 12 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0 | 1 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 7491 | 9540 |
| 20 | महाराष्ट्र | 2949 | 5528 |
| 21 | मणिपुर | 33 | 20 |
| 22 | मेघालय | 20 | 24 |
| 23 | मिजोरम | 7 | 1 |
| 24 | नागालैंड | 40 | 24 |
| 25 | ओडिशा | 2562 | 17017 |
| 26 | पुडुचेरी | 74 | 63 |
| 27 | पंजाब | 396 | 1668 |
| 28 | राजस्थान | 1772 | 4011 |

| क्र.सं. | आवेदक राज्य | राउंड I महिला अभ्यार्थी जिन्होंने इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया है | दूसरे राउंड़ की महिला अभ्यार्थी जिन्होंने इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया है |
|---|---|---|---|
| 29 | सिक्किम | 6 | 15 |
| 30 | तमिलनाडु | 1876 | 1812 |
| 31 | तेलंगाना | 3894 | 5497 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 13 | 11 |
| 33 | त्रिपुरा | 129 | 800 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 7571 | 4487 |
| 35 | उत्तराखंड | 289 | 245 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1458 | 1121 |
| | **कुल योग** | **56876** | **88693** |

पहले राउंड़ में इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आवेदकों की राज्यवार संख्या

| क्र.सं. | आवेदन राज्य | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5 | 1 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 8955 | 2153 | 371 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 4 | 2 | 24 |
| 4 | असम | 3300 | 590 | 1052 |
| 5 | बिहार | 7926 | 1342 | 104 |
| 6 | चंडीगढ़ | 35 | 36 | |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2195 | 704 | 745 |
| 8 | दिल्ली | 1394 | 1037 | 70 |
| 9 | गोवा | 14 | 0 | 6 |
| 10 | गुजरात | 2787 | 813 | 723 |
| 11 | हरियाणा | 5199 | 3741 | 15 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 173 | 300 | 63 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 190 | 220 | 134 |
| 14 | झारखंड | 2355 | 330 | 330 |
| 15 | कर्नाटक | 4030 | 761 | 252 |
| 16 | केरल | 1998 | 183 | 14 |
| 17 | लद्दाख | 0 | 0 | 28 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 10205 | 3637 | 2154 |
| 19 | महाराष्ट्र | 3188 | 886 | 175 |

| क्र.सं. | आवेदन राज्य | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|---|---|
| 20 | मणिपुर | 53 | 7 | 40 |
| 21 | मेघालय | 3 | 1 | 49 |
| 22 | मिजोरम | 1 | | 14 |
| 23 | नागालैंड | 3 | 2 | 99 |
| 24 | ओडिशा | 2543 | 825 | 616 |
| 25 | पुडुचेरी | 129 | 19 | 0 |
| 26 | पंजाब | 256 | 311 | 1 |
| 27 | राजस्थान | 4376 | 1416 | 647 |
| 28 | सिक्किम | 6 | 0 | 3 |
| 29 | तमिलनाडु | 2801 | 540 | 20 |
| 30 | तेलंगाना | 5915 | 1228 | 972 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 17 | 3 | 6 |
| 32 | त्रिपुरा | 97 | 75 | 58 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 15279 | 5664 | 163 |
| 34 | उत्तराखंड | 244 | 116 | 28 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 1182 | 1095 | 133 |
| 36 | **कुल योग** | **86858** | **28038** | **9109** |

दूसरे राउंड में इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अभ्यार्थियों की राज्यवार संख्या

| क्र.सं, | आवेदक राज्य | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 17756 | 5021 | 833 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2 | 0 | 29 |
| 4 | असम | 1353 | 216 | 385 |
| 5 | बिहार | 10903 | 2644 | 172 |
| 6 | चंडीगढ़ | 23 | 18 | 2 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 3354 | 1082 | 1580 |
| 8 | दिल्ली | 702 | 505 | 35 |
| 9 | गोवा | 25 | 7 | 9 |
| 10 | गुजरात | 2540 | 721 | 471 |
| 11 | हरियाणा | 1161 | 664 | 8 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 111 | 163 | 36 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 276 | 345 | 298 |
| 14 | झारखंड | 1113 | 148 | 194 |

| क्र.सं, | आवेदक राज्य | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|---|---|
| 15 | कर्नाटक | 3393 | 722 | 200 |
| 16 | केरल | 1726 | 202 | 28 |
| 17 | लद्दाख | 0 | 0 | 31 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 2 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 11351 | 4147 | 3015 |
| 20 | महाराष्ट्र | 5921 | 1918 | 396 |
| 21 | मणिपुर | 22 | 9 | 21 |
| 22 | मेघालय | 3 | 3 | 55 |
| 23 | मिजोरम | 1 | 0 | 2 |
| 24 | नागालैंड | 3 | 1 | 48 |
| 25 | ओडिशा | 13299 | 4138 | 3699 |
| 26 | पुडुचेरी | 84 | 14 | 1 |
| 27 | पंजाब | 951 | 1521 | 4 |
| 28 | राजस्थान | 8461 | 2830 | 1264 |
| 29 | सिक्किम | 20 | 4 | 10 |
| 30 | तमिलनाडु | 2708 | 587 | 19 |
| 31 | तेलंगाना | 6988 | 1833 | 1144 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 13 | 2 | 2 |
| 33 | त्रिपुरा | 526 | 383 | 449 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 7223 | 2667 | 57 |
| 35 | उत्तराखंड | 173 | 90 | 11 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 780 | 808 | 96 |
| | **कुल योग** | **102970** | **33413** | **14606** |